त्रिनेत्र गणेश जी रणथम्भौर के तीन दिवसीय वार्षिक मेले में उमड़े लाखों श्रद्धालु

लाखों की तादाद में उमडे श्रद्धालुओं के सैलाब ने शनिवार को त्रिनेत्र गणेश मंदिर में अपनी हाजिरी लगाई।

सवाई माधोपुर । रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश जी के लक्खी मेले में शनिवार को दूसरे दिन लाखों की तादाद में श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पडा। लाखों की तादाद में उमडे श्रद्धालुओं के सैलाब ने शनिवार को त्रिनेत्र गणेश मंदिर में अपनी हाजिरी लगाई और मनौतिया मांगी।शनिवार को चौथ को मुख्य मेला होने के कारण रणथंभोर की हरी भरी वादियां त्रिनेत्र गणेश के जयकारों से लगातार गूंज रही थी। शुक्रवार से शुरू हुए रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेले में शनिवार को दूसरे दिन ऐसा जन सैलाब उमडा कि पुलिस प्रशासन को भी व्यवस्थाएं बनाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

रणथंभोर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा का सैलाब तो उमड़ा पर गत वर्ष से इस बार भीड़ कम रही उसका कारण प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के अधिकांस रास्ते बंद हो रहे है। नदी नालों में उफान के कारण सड़क मार्ग से आने वाले यात्री बहुत कम संख्या में रणथंभौर पहुंच पाए। लेकिन फिर भी देश में आस्था का केंद्र त्रिनेत्र गणेश जी के दर्शनार्थ यात्री भारी संख्या में रणथंभौर पहुंच रहे है।

रणथंभोर की वादियां भगवान गणपति के जयकारों से लगातार गूंजायमान हो रही है। रणथंभौर सर्किल से ही त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक समूचा इलाका श्रद्धालुओं के रेलमपेल से अटा हुआ है। मार्ग में पैर रखने तक को जगह नहीं है ।

रणथंभौर सर्किल से लेकर दुर्ग तक दर्जनों की तादाद में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय मेले में राजस्थान ही नहीं अन्य प्रांतों के कोने-कोने से भी श्रद्धालु उमड रहे हैं । हर किसी के मन में एक ही कसक है रणथंभोर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान गणपति के दर्शनों किए जाएं । पिछले सालों की तुलना में इस बार श्रद्धालुओं की सेवा के लिए भंडारे भी अधिक तादाद में लगाए गए है।

गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर में भगवान गणेश के जन्मोत्सव की अद्भुत झांकी सजाई गई। त्रिनेत्र गणेश का स्वर्ण आभूषणों से अलौकिक श्रृंगार किया गया । इसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया। मंदिर में लाखों की तादाद में उमडे श्रद्धालु भगवान गणपति की एक झलक देखने को आतुर दिखाई दिए। रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश लक्खी मेले में 14 किलोमीटर का पैदल सफर तय करके श्रद्धालु त्रिनेत्र गणेश मंदिर पहुंच रहे थे । दुर्ग की दुर्गम चढ़ाई भी श्रद्धालुओं की आस्था के सामने बौनी साबित होती दिखाई दे रही थी। रणथंबोर के किले में विराजमान त्रिनेत्र गणेश मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा बतौर मंदिर ट्रस्ट द्वारा विशेष इंतजाम किए गए हैं ।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिहाज से मेले में सुरक्षा के लिए 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं । अन्य जिलों से भी पुलिस अधिकारियों को मेले में ड्यूटी हेतु लगाया गया है । रोडवेज की 50 बस श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु लगाई गई है। ट्रस्ट के महन्त संजय दाधीच ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओ की सुविधा और सुरक्षा के हिसाब से जगह-जगह बेरी कटिंग की व्यवस्थाओं को अंजाम दिया गया है। मेला क्षेत्र में जितने भी वाटर पॉइंट है पर गोताखोर तैनात किए गए हैं।

रविवार को भगवान गणेश जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ तीन दिवसीय वार्षिक मेले का विधिवत समापन हो जायेगा।ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि तीन दिवसीय मेले में चार लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर जायेंगे।

गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

करौली (नि.स.)। भारत विकास परिषद् शाखा करौली द्वारा गुरुवंदन छात्र अभिनन्दन प्रकल्प के अन्तर्गत शिक्षक दिवस मनाया गया। वित्त सचिव अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि रामस्नेही कीर्ति राम आर्दश विद्या मंदिर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में परिषद् के शिक्षक,शिक्षिका सदस्यों का अभिनंदन भी किया गया। इससे पूर्व भारत माता के चित्रपट्ट पर दीप प्रज्ज्वलन व सामूहिक वन्दे मातरम् गान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रकल्प प्रभारी शुची सिंहल ने गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत कि। सचिव कमलाकांत शर्मा ने महान शिक्षक डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवानिवृत एवं वर्तमान में कार्यरत लगभग 40 शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिसमें हरनाथ सिंह, मधुलिका तंवर,बालकृष्ण शर्मा,शकुन शर्मा,जुगल किशोर चतुर्वेदी,गोविन्द प्रसाद शर्मा,पुरषोत्तम लाल शर्मा,अंजू गुप्ता,मंजू लता गोयल,शिव कुमारी, नगेन्द्र शर्मा, सुशीला शर्मा,उमा रानी गुप्ता, हिमांशु मित्तल, सुनील बिन्दल एवं अन्य शिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता विद्या भारती के जिलाअध्यक्ष गोविन्द दयाल प्रसाद शर्मा, सीताराम शर्मा एडवोकेट ने शिक्षक की महिमा का गुणगान किया।

पंडित रामकिशन स्वतंत्रता सेनानी के रूप में सम्मानित

भरतपुर (निस)। पूर्व सांसद और समाजवादी शताब्दी पुरुष पंडित रामकिशन को शनिवार को ब्रज के अंतिम स्वतंत्रता सेनानी के रूप में मथुरा के एक विश्वविद्यालय ने सम्मानित किया। पंडितजी का सम्मान जीएलए विश्वविद्यालय में काकोरी काण्ड के शताब्दी के अवसर पर एक समारोह में किया गया। विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर अनूप गुप्ता ने एक प्रशस्ति पत्र देकर पंडित रामकिशन का सम्मान किया। प्रशस्ति पत्र में कहा गया पंडित रामकिशन को सम्मानित कर हम राजनीति में शुचिता और संत प्रवृत्ति को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशस्ति पत्र ने पंडित रामकिशन को पानी के अधिकार की लड़ाई का विश्व का सबसे बुजुर्गों में से एक सेनानी बताया। उनके घुटने प्रत्यारोपण के 97 साल के रिकॉर्ड का भी जिक्र किया। इस अवसर पर क्रांतिकारियों पर लिखी एक किताब भी पंडितजी को भेंट की गई। इस किताब के लेखक हुकुमचंद तिवारी ने पंडित रामकिशन की उच्च मूल्यों प्रति आस्था के साथ कहा पंडित रामकिशन शायद ब्रज मंडल के आखिरी स्वतंत्रता सेनानी बचे हैं और काकोरी काण्ड के शताब्दी समारोह में उनका सम्मान हमारे लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर पंडित रामकिशन ने कहा कि आजादी की लड़ाई जिन मूल्यों के लिए लड़ी गई जैसे समता, सत्य, अहिंसा और सदभाव, उन्हें अभी भी पूरी तरह से स्थापित करने की लड़ाई जारी है।अंग्रेजों के राज से मुक्ति मिल गई लेकिन अभी लड़ाई जारी है क्योंकि ये मूल्य अभी भी अपनी जड़ नहीं पकड़ बना पाए हैं। इन मूल्यों की वजह से ये जरूर की विश्व समुदाय अब भारतीयों को अपनी सत्ता की जिम्मेदारी देने को तैयार है।

भगवान गणेश जी को 56भोग लगाकर मनाया पर्व

करौली। करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया गया इस अवसर पर भक्तों ने 56 भोग लगाकर सजीव झांकियां सजाई गई।

करौली जिला मुख्यालय पर हिंडौन गेट भक्त मंडल कि ओर से गणेश मेले का आयोजन किया गया इस अवसर पर करीब 20 फिट ऊपर लकडी का बेस तैयार कर उस पर छप्पन भोग लगाते हुए फूल बंगला कि झांकी सजाई गई वहीं भक्त मंडल कि ओर से कई अन्य जिलों से कलाकार बुलाकर भगवान श्री श्याम, शिव परिवार, बाहुबली हनुमान जी के अलावा कई अन्य भगवानों की झांकियां सजाई गई शहर की अनाज मंडी स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर भव्य फूल बंगला कि झांकी सजाकर भगवान को छप्पन भोग लगाए गए इससे पूर्व प्रातः के समय गणेश जी महाराज का पंचामृत से अभिषेक किया गया यही नहीं करौली शहर के साइनाथ खिडकियां भक्त मंडल,चैबे पाडा भक्त मंडल के अलावा कई अन्य स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं लाकर स्थापित कर सामूहिक रूप से आरती की गई जिनका विसर्जन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर करौली के पांचना बांध के पानी में किया जाएगा करौली में गणेश चतुर्थी के पर्व को लेकर शहर के बाजारों में पुलिस बल तैनात किया गया वहीं वाहनों की आवाजाही पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा देने से लोगों को राहत मिली।

जिला कांग्रेस ने मनाया सचिन पायलट का जन्म दिन

करौली(नि.स.)। प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी करौली के अध्यक्ष शिवराज मीणा की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, पधाधिकारी और कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कई सामाजिक कार्य संपन्न किए गए जो समाज सेवा और धार्मिक आस्था के प्रतीक रहे।

सचिन पायलट के जन्मदिवस के अवसर पर जिला अस्पताल करौली में पूर्व जिला प्रमुख अभय मीना कि तरफ से फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मरीजों के बीच फल बांटकर उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने कि कामना की गई। यह कार्यक्रम न सिर्फ मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण रहा बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। इसके पश्चात सचिन पायलट कि लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए मदनमोहन जी के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया।

इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भगवान मदनमोहन से उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन के लिए प्रार्थना कि। वही समाज के प्रति अपनी सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए पायलट के जन्मदिवस पर गौशाला में गो-ग्रास गायों के लिए भोजन का आयोजन किया गया। गायों को हरा चारा और गुड़ उपलब्ध कराकर उनकी देखभाल की गई जो भारतीय संस्कृति में गौ सेवा का महत्वपूर्ण स्थान दर्शाता है।इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज और जीव-जंतुओं के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सचिन पायलट के जन्मदिवस को सार्थक रूप में मनाना गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा,पूर्व मंत्री रमेश मीणा, पीसीसी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज,पूर्व जिला प्रमुख अभय मीना,जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षी बैरवा,प्रधान प्रतिनिधि जलधारी मीना, जिला उपाध्यक्ष विश्मबर दयाल शर्मा, जिला महासचिव सुरेश गुर्जर, प्रदेश कांग्रेस सदस्य ओमप्रकाश मामू, पीसीसी सदस्य महेंद्र सूरौठिया,ब्लॉक अध्यक्ष कैलादेवी रामू जिंदल, सेवक राम, जिला सचिव रामसहाय मीना, योगेश शर्मा, जिला महासचिव राजेंद्र शर्मा,जिला सचिव अफजल कुरेशी , जिला उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मीणा,एनएसयूआई अध्यक्ष राजेंद्र मनेमा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनके अलावा हिंडौन विधायक अनीता जाटव के नेतृत्व में पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मामू, पूर्व जिला अध्यक्ष अलका मीना, कांग्रेस के पूर्व जिला परिषद सदस्य रमेश गुर्जर सहित कई दर्जन कांग्रेसी नेता यादव वाटी गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गायों को चारा खिलाकर पायलट का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया इसी मौके पर कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष अलका मीना ने 21हजार रुपये यादव वाटी गौशाला को गायों के चारे के लिए भेंट किये।

बंध बारेठा बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू

बयाना (निस)। बयाना क्षेत्र के डांग क्षेत्र के बीहड़ों में स्थित व भरतपुर जिले के सबसे बड़े बांध बंध बारेठा बांध फिर से ओवरफ्लो हो जाने पर बांध की सुरक्षा व निगरानी बढ़ाने के साथ ही अब बांध के तीन गेटों को खोलकर उनसे लगातार पानी की निकासी की जा रही है। जल संसाधन विभाग के कनिष्ठ अभियंता रूपचंद ने बताया कि बयाना क्षेत्र व बांध के कैचमेंट एरिया में बीते 24 घंटे में हुई झमाझम बारिश के बाद बांध का जलस्तर लगातार बढ़ने पर उसके तीन गेटों को खोलकर बांध से 2250 क्यूसेक प्रति सेकंड की स्पीड से पानी की निकासी की जा रही है। जो बांध का जल स्तर सामान्य होने पर बंद की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इस बांध की कुल भराव क्षमता 29 फीट है। बांध के कैचमेंट एरिया में अधिक बारिश होने से पानी की आवक लगातार बनी हुई है। जिसे देखते हुए बांध के गेटों को खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। शुक्रवार शाम को इस बांध का जलस्तर 29 फुट पूरा हो गया था। आपको बता दें इस बांध से जहां हजारों किसानों की खेती की सिंचाई की जाती है वहीं इस बांध से भरतपुर जिला मुख्यालय को भी पेयजल आपूर्ति की जाती है। यह प्राकृतिक बांध करीब 133 वर्ष पूर्व भरतपुर रियासत के तत्कालीन महाराजा किशन सिंह की ओर से बनवाया गया था।

पर्युषण पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

हिण्डौन सिटी । पर्यूषण महापर्व के अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर पल्लीवाल मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट मोहन नगर हिंडौन सिटी में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में प्रतिदिन प्रतिक्रमण स्नात्र एवम चौबीसी पूजा,तपोवन से पधारे हुए भाइयों द्वारा शास्त्र वाचन प्रभु की सुंदर-सुंदर अंग रचना सायं प्रतिक्रमण भक्ति संध्या आरती आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्युषण महापर्व 31 अगस्त को प्रारंभ होकर 7 सितंबर को समाप्त हो रहा हैं। अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि आज नवीन उपाश्रय मोहन नगर हिंडौन में वार्षिक पूजा की बोलियां एवं पल्लीवाल क्षेत्र की परंपरा अनुसार माला की बोली लगाई गई। माला की बोली श्री पन्नालाल हुकमचंद जैन नई मंडी हिंडौन ने 166253 रुपए में ली। तथा संवत्सरी पर्व मनाया गया। संवत्सरी पर्व पर समाज के सभी जन एक दूसरे से क्षमा याचना करते हैं। वर्धमान जैन ने अवगत कराया कि पर्यूषण पर्व के दौरान साधर्मिक भाई बहनों द्वारा तेला (तीन दिवस)और तेला से ऊपर की तपस्या करने वाले सभी तपस्वियों का पारणा, बहुमान एवं सकल श्री संघ की नवकारसी का लाभ श्री प्रकाश चंद सुरेश चंद जैन शीतल उमेश राकेश एवं योगेश जैन शेखपुरा वालो ने लिया। लाभार्थी परिवार द्वारा 08 सितंबर रविवार को लक्ष्मी पैलेस हिंडौन सिटी में प्रातः 7.30 बजे तपस्वियों का पारणा बहुमान किया जाएगा।

सचिन पायलट के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

सचिन पायलट का जन्मदिन स्वास्थ्य केन्द्र कैमरी में कांग्रेस कमेटी सदस्य शीशराम खटाना के नेतृत्व में मनाया।

■ सचिन पायलट का जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर सहित गौशाला में चारा वितरण, वृक्षारोपण का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैमरी में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य शीशराम खटाना के नेतृत्व में मनाया गया शिविर में 52 युवाओं ने रक्तदान किया

हिण्डौन सिटी । जगदीश धाम कैमरी में अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव, टोंक विधायक माननीय सचिन पायलट का जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर सहित गौशाला में चारा वितरण, वृक्षारोपण का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैमरी में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य शीशराम खटाना के नेतृत्व में मनाया गया जिसमें डॉ रामफल ब्लड बैंक सेंटर जयपुर के प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा ब्लड एकत्रित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर ने सचिन पायलट साहब का केक काटकर उनके जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की ।

इसी प्रकार शीशराम खटाना ने कार्यकर्ताओं सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वृक्षारोपण किया , गौशाला में गायों को चारा वितरित किया गया। विधायक मेहर ने कहा कि युवा वर्ग को रक्तदान जैसे समाजहित के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए । शिविर में 52 युवाओं ने रक्तदान किया । शीशराम खटाना ने कहा कि सचिन पायलट साहब युवा वर्ग, किसान वर्ग और छत्तीस कौम के लाडले है । उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता हैं, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नही होता कि उनके द्वारा किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है ।जिला उपाध्यक्ष मुरारीलाल गुर्जर ने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है, इससे ज्यादा पूण्य का कार्य कुछ और नही हो सकता।

इस अवसर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य शीशराम खटाना, टोडाभीम विधायक घनश्याम मेहर, प्रधान प्रतिनिधि बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुरारी लाल गुर्जर, कैमरी मंडल अध्यक्ष दयाराम ठेकेदार, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव राजबाई मीना, डॉ जीतेन्द्र खटाना, गुर्जर कर्मचारी अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञान सिंह अध्यापक, प्रधानाचार्य नीलम शर्मा, करतार खटाना कैमरी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश खटाना सरपंच, कनिष्ठ सहायक अनिल खटाना, मेढ़े का पुरा सरपंच मिथलेश देवी, सरपंच प्रतिनिधि फत्ते अध्यापक, रामदयाल गुर्जर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमरन खटाना, हैप्पी खटाना, अखलेश खटाना, भूपेन्द्र खटाना, दीपेन्द्र खटाना सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

घर-घर मनाया गणेश जन्मोत्सव

गंगापुर सिटी । श्री गणेश चतुर्थी का पर्व शनिवार को हर्षोल्लास के साथ घर-घर में गणपति पूजन के साथ मनाया गया। रिद्धि-सिद्धि के दाता गणेशजी महाराज के जन्मदिन पर शनिवार होने के कारण महासंयोग बना। लोगो ने घरो पर धूप दीप व नवैध के साथ गणपति महाराज की पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिरो पर भक्तो की भीड रही। वहीं ईदगाह मोड स्थित गणेश मंदिर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है जिसमें सैकडो लोगो ने पहुंच कर गणेश जी पूजा अर्चना की व मेले में लगी दुकानो से जमकर खरीददारी की। इस दौरान लोगो ने गणपति की पूजन व आरती कर सुख समृद्धि की कामना की। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर त्रिनेत्र गणेश मण्डल द्वारा नसिया कॉलोनी कोली पाडा में गणेश स्थापना की गई जिसमे सभापति शिवरतन अग्रवाल शामिल हुए। सभापति ने त्रिनेत्र गणेश मण्डल के सदस्यों के साथ नंबर 3 स्कूल के सामने महादेव मंदिर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की इसके बाद मूर्ति के साथ महिलाएं कलश लेकर स्थापित जगह नवीन स्कूल के सामने कोलीपाडा में पहुंचे। प्रधान कलश सावित्री देवी ने उठाया। सभापति अग्रवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी का त्योहार 1० दिनों के लिए हम सभी लोगों को एकता, आस्था और सांस्कृतिक समृद्धि के सूत्र में बांधता है। गणेश चतुर्थी भगवान गणेश के जन्म के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। गणेश जी हम सभी की बाधाओं को दूर करने का कार्य करते हैं।

सार-समाचार

गृह राज्यमंत्री ने जनसुनवाई की

भरतपुर (निस)। गृह, गौपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढ़म ने शनिवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन के अभाव अभियोग सुने तथा मौके पर ही संबन्धित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। गृह राज्यमंत्री को नगर निगम क्षेत्र में पानी भराव, सड़कों की मरम्मत तथा यूडी टैक्स वसूली में निजी फर्म के सम्बन्ध में व्यापारियों एवं आमजन द्वारा ज्ञापन दिये गये।उन्होंने प्रत्येक नागरिक से व्यक्तिशः रूबरू होकर समस्याओं को सुना तथा संबन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्षा के बाद सड़कों की मरम्मत, जल भराव की समस्याओं के स्थाई समाधान के प्रयास किये जायेगें। जिले के विभिन्न अंचलों से आये नागरिकों ने उन्हें व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं, पुलिस प्रकरणों में जांच से संबन्धित परिवाद भी प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ मिलकर स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण हो इसके लिए समय-समय पर जनता के बीच में रहकर सुनवाई करते हैउन्होंने कहा कि सरकार की नीति के चलते प्रदेश में संगठित अपराधों में कमी होने के साथ अपराधियों में भय का वातावरण बना है।

सचिन पायलट के जन्मोत्सव मनाया

गंगापुर सिटी । 108 फुटिय श्री हनुमान गौशाला दौलतपुर रोड पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव युवा हृदय सम्राट सचिन पायलट का जन्म दिवस सर्व समाज द्वारा प्रधान हरगोविंद कटारिया के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणपति व गौ माता के पूजन के साथ किया गया। इस दौरान सभी ने कांग्रेस नेता सचिन पायलेट के दीर्घायु होने की कामना के साथ ही गौशाला परिसर में वृक्षारोपण किया एवं गायो को हरा व सूखा चारा खिलाया। कार्यक्रम में रामकिशोर मास्टर, इस्माइल भाई, बृजलाल मीणा, प्रसन्न कुमार सुराणा, राजेंद्र नरूका, राजेश जेमनी एडवोकेट, रविकांत मिश्र, रमेश सेन, मुकेश शर्मा, राजाराम मीणा, रामकिशोर कटारिया, मोतिलालपुर, प्रसादी नेता, रामेश्वर गुर्जर, सतनारायण गुर्जर, राजेंद्र हबीबपुर, विजेंद्र मोतीपुरा, राजेश बैंसला, रामूलालपुर, रामफल, दयाराम, ओमप्रकाश एडवोकेट, जाकिर पठान, फिरोज खान, शाकिर खान, ऑस्कर भाई, जाविद खान, सादिक पठान, बाबू खान, सलाम भाई, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

गणेश स्थापना कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर (निस)। बजरंग सेवक ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार प्रातः 10 बजे आशियाना, फ्रैन्ड्स कॉलोनी, बापू नगर में श्री गणपति प्रतिमा पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसी दिन सायं अटलबन्ध स्थित गणेश मंदिर पर भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी प्रकाश मोहन गुप्ता ने बताया कि 34वें गणेश महोत्सव के तहत् फ्रैन्ड्स कॉलोनी, बापू नगर में स्थित आषियाना परिसर में गणपति पूजन एवं स्थापना कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, प्रमुख उद्योगपति रविन्द्र अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, ज्योति स्वरूप अग्रवाल एवं भूपेष अग्रवाल ने श्री गणेश जी की प्रतिमा का सर्वप्रथम विधि-विधान से पूजन किया तत्पश्चात् ट्रस्ट के संरक्षक विनोद कोठारी, कृष्ण कुमार गर्ग घल्लो, महेन्द्र सिंघल, राकेश सिंघल, जितेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष मनीष सिंघल (नमकीन वाले), उपाध्यक्ष संजय गर्ग, मंत्री प्रदीप अग्रवाल, नीरज गोयल सर्राफ, राहुल खण्डेलवाल, भूदेव शर्मा, सहमंत्री नरेश ठाकुर, अनिल खण्डेलवाल, दिनेश गोयल, विपिन गर्ग, योगेन्द्र आढ़तिया, जयदीप अरोड़ा, हरीशंकर गोयल, श्याम अरोड़ा, सुरेन्द्र सिंघल, सतीश सिंघल, विजय जैन, राकेश सर्राफ, राजेश मित्तल एडवोकेट, हरिओम बंसल, लाखन सिंह पहलवान, रूपेन्द्र सिंह, संजीव गर्ग, वीरेन्द्र अग्रवाल, दीपक गुप्ता, अतुल गुप्ता, गिरधारी गुप्ता, विनोद गुप्ता, विनोद चन्दानी, देवीराम, राजकुमार तनेजा, विष्णु फूल वाले सहित बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्यों ने सपरिवार पूजा कार्यक्रम में भाग लिया।

आठ सायबर ठग गिरफ्तार

जुरहरा (निस)। स्थानीय थाना पुलिस ने फर्जी एटीएम कार्ड व खाते बेचने वाले तीन साइबर ठगों सहित कुल 8 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। देर शाम को डी.एस.टी टीम प्रभारी हैडकांस्टेबल वीरेन्द्र सिंह व हैडकांस्टेबल रामेश्वर रेंज स्पेशल टीम भरतपुर की सूचना पर इण्डस्ट्रीयल एरिया सोनोखर से सैक्स चेट व विडियो कॉल कर भोले भाले लोगों की न्यूड विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने तथा सस्ते दामों में खिलोने बेचने का विज्ञापन डालकर सायबर ठगी करने के आरोप में आसिफ पुत्र मुबारिक जाति मेव निवासी ग्राम खेडली नानू थाना जुरहरा जिला डीग, मोमिन पुत्र मुंशी जाति मेव निवासी ग्राम समधारा थाना जुरहरा जिला डीग, मुनफेद पुत्र हारून जाति मेव निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा जिला डीग, इमरान पुत्र जान मौहम्मद जाति मेव निवासी ग्राम परेही थाना जुरहरा जिला डीग, मनीष पुत्र शरीफ जाति मेव निवासी ग्राम खेडली गुमानी थाना जुरहरा जिला डीग, शिशुपाल पुत्र थानसिंह जाति रावत मीणा निवासी ग्राम भदौना थाना गोराघाट जिला दतिया मध्यप्रदेश, जेकेन्द्र पुत्र अतर सिह जाति रावत मीणा निवासी ग्राम रायपुर सानी (जनकपुर) थाना भितरवार जिला ग्वालियार मध्यप्रदेश, आकाश रावत पुत्र कलियाण सिह जाति रावत मीणा निवासी ग्राम अमरौल थाना चिनौर जिला ग्वालियार मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर मुल्जिमान के कब्जे से 13 एण्ड्रोईड मोबाईल फोन, 8 छदम नाम पते के फर्जी ए.टी.एम. कार्ड मय 5 सिम कार्ड के जब्त किये गए हैं। मध्यप्रदेश निवासी शिशुपाल, जेकेन्द्र व आकाश मध्यप्रदेश से फर्जी ए.टी.एम. कार्ड, सिम कार्ड व खाते लाकर सायबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। जुरहरा थानाधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों से 13 एण्ड्रोईड मोबाईल फोन व 8 फर्जी ए.टी.एम. कार्ड मय 5 फर्जी सिम कार्ड जब्त किए गए हैं।

एसडीएम को दिया ज्ञापन

भुसावर (निस)। अलीपुर क्रेशर जॉन के व्यापारियों ने स्थानीय एसडीएम सचिन यादव को ज्ञापन देकर क्रेशर संचालकों पर अनेतिक दबाव डाल कर परेशान करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। क्रेशर जॉन अलीपुर में क्रेशर संचालकों ने एसडीएम भुसावर सचिन यादव को दिए गए ज्ञापन में बताया कि कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा साधु संतो को बहला फुसला कर आठ और नौ सितंबर को अलीपुर क्रेशर जॉन में रेली प्रदर्शन करने की धमकी दी जा रही है। जिनको रोकने की कार्यवाही के लिए दिए गए ज्ञापन में प्रशासन को अवगत कराया है की कुछ वर्ष पहले कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा सरकार को क्रेशर जॉन के संबंध में गुंथी शिकायत की गई। प्रशासन ने प्राप्त शिकायतो की खनिज विभाग और राजस्व विभाग की ओर से जांच करने पर शिकायत को असत्य पाया गया। इसी प्रकार से पूर्व में भी कुछ असमाजिक तत्वों ने साधु संतो को बहला फुसला कर आंदोलन भी किए गए। क्रेशर जॉन अलीपुर के क्रेशर संचालक व्यापारियों ने प्रहसन को अपनी ओर से जांच में असत्य पाए गए सबूत भी पेश किए। उन्होंने बड़ाया की अलीपुर जसवर सामंतपुरा में क्रेशर संचालक सरकारी नियमो के अनुसार वैधानिक रूप से खनन पट्टा से खनन का कार्य कर रहे है। अवेध रूप से कोई खनन का कार्य नही किया जा रहा है।

राज्य मंत्री बेडम से वार्ता की

भरतपुर (निस)। जिला व्यापार महासंघ का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को गृह एवं पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम से जिला अध्यक्ष संजीव गुप्ता के नेतृत्व में सर्किट हाउस भरतपुर में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने यूडी टैक्स के नाम पर व्यापारियों के साथ भेदभाव जबरदस्ती तथा टैक्स की विसंगतियों को लेकर एक ज्ञापन दिया तथा इस अवैध कार्रवाई को रोकने की मांग की एवं आक्रोश व्यक्त कियां मंत्री ने तत्काल संबंधित अधिकारिय को फोन लगाया पर वार्ता नहीं हो पाई मंत्री ने अधिकारी व संबंधित मंत्री से मिलकर शीघ्र समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि समस्या नहीं सुलझती है तो वह व्यापारियों को जयपुर बुलाकर यू डी टैक्स मंत्री व अधिकारियों से वार्ता कराकर समाधान निकल वाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता के अलावा महामंत्री नरेंद्र गोयल भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज, गिरधारी गुप्ता बृजेश अग्रवाल, जयप्रकाश बजाज, विष्णु जैन, बंटू भाई, विपुल शर्मा, अशोक शर्मा, निरंजन आर्य आदि प्रमुख थे।

आंखों पर पट्टी बांधकर चलाई मोटरसाइकिल

करौली(नि.स.)। शहर के गणेश गेट बाहर बने बैंकट हॉल में शनिवार से शुरू हुए जादूगर विराट के शो से पहले जादूगर ने भारी बरसात में करौली शहर कि हाईवे की सड़क पर आंखों पर काली पट्टी बांधकर मोटरसाइकिल चलाते हेतरअंगेज कारनामे दिखाएं। करौली शहर में भारत टीवीएस मोटर्स पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जादूगर विराट ने कहा कि राजस्थान सरकार जादूगर और सर्कस के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को प्रोत्साहन नहीं कर रही है ना ही जादूगरों को किसी प्रकार कि योजना चला रखी है।